रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

REGISTERED NO. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 18] नई दिल्ली, शनिवार, मई 1, 1976 (वैशाख 11, 1898)
No. 18] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 1, 1976 (VAISAKHA 11, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 31 मार्च 1976 तक प्रकाशित किए गए हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 31st March 1976:—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4
68.	सं० 27—आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 22 मार्च 1976।	वाणिज्य मंत्रालय	यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान, 1975 (संख्या 2) दिनांक 2-12-1975 के लिए लाइसेंस शर्तें।
	No. 27-ITC (PN)/76, dated the 22nd March, 1976	Ministry of Commerce	Licensing conditions for the U. K./India Sectional Grant, 1975 (No. 2) dated 2-12-1975.
69.	सं० 28—आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 29 मार्च 1976।	वाणिज्य मंत्रालय	यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान, 1975 दिनांक 27-6-1975 के लिए लाइसेंस शर्तें—लाइसेंस कोड का संशोधन।
	No. 28-ITC (PN)/76, dated the 29th March, 1976	Ministry of Commerce	Licensing conditions for the U. K./India Sectoral Grant, 1975 dated 27th June, 1975—amendment of the licence Code.
70.	सं० 3/4/76-पब्लिक, दिनांक 31 मार्च 1976।	गृह मंत्रालय	हरियाणा के राज्य पाल श्री वीरेन्द्र नारायण चक्रवर्ती का देहवसान।
	No. 3/4/76-Public, dated the 31st March, 1976	Ministry of Home Affairs.	Death of Shri Birendra Narayana Chakravarty, Governor of Haryana.

उपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियंत्रक, सिविल लाईन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र नियंत्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	373
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	713
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	581
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . .	1083
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	1521
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	137
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	3569
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	337
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	27
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . .	1411
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	69

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	373
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	713
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence.	581
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1083
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1521
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	137
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	3569
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	337
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners.	27
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1411
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	69

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 जुलाई 1975

सं० 34-प्रेज/76—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. 28 61347 राइफलमैन पिरथी सिंह,
राज राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 17 जनवरी, 1975)

17 जनवरी, 1975 को 2 राज राइफल्स के राइफलमैन पिरथी सिंह एक दल के अगुवा थे जिसे विरोधियों के एक गिरोह का पीछा करने वाली एक राइफल कम्पनी के पास एक खोजी कुत्ता पहुंचाने का काम सौंपा गया था। इस दल को पांच मील लम्बे उस बांस वाले बीहड़ जंगल में से गुजरना था, जहां विरोधियों के छुपाव-स्थान होने का सन्देह था। जब यह दल मुश्किल से आधा रास्ता ही तय कर पाया था कि उस पर स्वचालित हथियारों से लैस विरोधियों के एक दल ने गोली चला दी। इस मुठभेड़ के दौरान राइफलमैन पिरथी सिंह के चेहरे पर चोट आई लेकिन इसके बावजूद इन्होंने तत्काल विरोधियों पर धावा बोल दिया। दूसरी बार फिर इनके हाथ पर चोट आई लेकिन उसकी परवाह किए बिना इन्होंने अकेले ही हमला जारी रखा। इस दौरान इन्होंने दो विरोधियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया और बाकियों को अपनी जान बचा कर भाग निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस प्रकार इन्होंने अपने दल की रक्षा की, अन्यथा वे विरोधियों की गोलीबारी की चपेट में आ जाते। राइफलमैन पिरथी सिंह ने अपने कर्त्तव्य को प्राथमिकता दी और वापिस लौटने की बजाय कुत्ते को पहुंचाने के लिए दल के साथ हो लिए।

इस कार्रवाई में राइफलमैन पिरथी सिंह ने उदाहरणीय साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. स्क्वाड्रन लीडर राजिन्दर पाल सिंह ढिल्लों (7741)
उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 24 जनवरी, 1975)

स्क्वाड्रन लीडर राजिन्दर पाल सिंह ढिल्लों को नवम्बर, 1962 में, भारतीय वायुसेना की उड़ान (पायलट) शाखा में कमीशन प्रदान किया गया था। वे मार्च, 1974 से एक हैलीकोप्टर यूनिट के फ्लाइट कमाण्डर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

24 जनवरी, 1975 को, इन्हें हिमाचल प्रदेश में भूचाल से पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने को कहा गया। एक तो मौसम बहुत ही खराब था, ऊपर से खतरनाक पहाड़ी इलाका; ऐसे में उड़ान करना जान जोखिम का काम था। लेकिन इन्होंने गहन निष्ठा, अविचलित लगन, दृढ़संकल्प और उच्च कोटि की व्यावसायिक दक्षता से अपना काम पूरा किया। दिन भर, खराब मौसम और उड़ान की दृष्टि से खतरनाक इलाके की दिक्कतों से जूझते हुए, इन्होंने राहत का अत्यन्त आवश्यक सामान वहां पहुंचाया और उन लोगों को निकाल कर लाए जिन्हें फौरन डाक्टरी सहायता की जरूरत थी, बाद की उड़ानों के दौरान, इन्होंने उन हैलीपैडों पर भी निडरता से अपना हैलीकोप्टर उतारा, जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं हुआ था और सामान गिराने की छोटी-छोटी जगहों पर भी, ऐन ठिकानों पर सामान गिराया। इन संक्रियाओं के दौरान इन्होंने कुल 32 उड़ानें की तथा काफी अधिक मात्रा में सामान ढोकर ले गए और वहां गिराया, जिससे संकटग्रस्त लोगों को समय पर राहत पहुंचाई जा सकी।

स्क्वाड्रन लीडर राजिन्दर पाल सिंह ढिल्लों ने आद्योपान्त उच्चकोटि के साहस, व्यावसायिक दक्षता और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

सं० 35 प्रेज/76—राष्ट्रपति निम्नांकित कार्मिकों को असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा एवं साहस के कार्यों के लिए "सेना मैडल"/"आर्मी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कैप्टन हरविन्दर सिंह हंसपाल (एस० एस० 24393),
कुमाऊं रैजिमेंट।

8 अक्तूबर, 1974 को एक कम्पनी के कमांडिंग अफसर, कैप्टन हरविन्दर सिंह हंसपाल को एक गश्ती दल के साथ मोग्तीकान जाने का आदेश दिया गया। इन्हें दीखू नदी के पूर्वी भाग पर पूरी तरह नजर रखने और विरोधियों के एक गिरोह को रोकने का काम सौंपा गया था। जो फोम के रास्ते होते हुए नदी पार करने वाला था।

12 अक्तूबर, 1974 को जब कैप्टन हंसपाल काम समाप्त करने के बाद अपने दल के साथ लोगियंग वापिस आ रहे थे तो इन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी।

इन्होंने तुरन्त ही अपने साथियों को अपना सब सामान वहीं कुछ व्यक्तियों की देख-रेख में छोड़ने को कहा और उन्हें साथ लेकर उस ओर चल दिए जहां से गोली की आवाज आई थी। रास्ते में एक ग्राम गार्ड कमांडर ने इन्हें बताया कि लगभग 80 विरोधियों के गिरोह से उसकी मुठभेड़ हुई है। कैप्टन हंसपाल ने तत्काल स्थिति भांप ली और अपने सैनिकों को उचित जगहों पर तैनात करने के बाद उस इलाके को छानना शुरू किया। इन्होंने वहां से बहुमूल्य कागजात, उपस्कर, वस्त्र तथा राशन आदि बरामद किया। खून के कुछ निशानों का पीछा करते हुए अगले तीन दिन तक इन्होंने अपने दल के साथ बड़ी बड़ी घास और बीहड़ जंगल में से भागते हुए विरोधियों का निरन्तर पीछा किया।

पुनः 21 अक्तूबर 1974 को जब कैप्टन हंसपाल अपने 15 अन्य साथियों के साथ एक और इलाके में गश्त लगा रहे थे तो इन्हें एक विरोधी गिरोह के बारे में मालूम हुआ। इन्होंने नायक केशव दत्त के साथ एक सीधी स्पाट चट्टान को सफलतापूर्वक पार किया और विरोधियों के गिरोह को घने जंगल में आराम करते हुए देख लिया। चूंकि इस गिरोह की नजर भी इन पर पड़ गई थी, कैप्टन हंसपाल को अपने पैट्रोल की प्रतीक्षा करने का समय नहीं था। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए वे गिरोह पर टूट पड़े जिसमें नायक केशव दत्त ने उनकी सराहनीय सहायता की। सारा गिरोह पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया और सभी छुपने के लिए इधर-उधर भाग खड़े हुए। वे अपने पीछे एक स्वचालित राइफल गोलाबारूद, काफी बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत सामान और कीमती कागजात छोड़ गए।

इन कार्रवाइयों में कैप्टन हरविन्दर सिंह हंसपाल ने अदम्य साहस, नेतृत्व, दृढ़ता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. जे० सी० 67655 नायब सूबेदार फकीर चन्द कटोच, सिगनल कोर।

19 जनवरी, 1975 को सुम्दो और उसके आसपास के क्षेत्र में एक भारी भूकम्प आया। निशान झोपड़ियों की दीवारें गिरने लगीं अन्य इमारतों में दरारें पड़ गईं और चारों ओर से बड़े-बड़े शिलाखण्ड घाटी में गिरने लगे जहां पर कैम्प लगा हुआ था। भूकम्प के इन भारी झटकों के तत्काल बाद स्काउट विंग के कमांडिंग अफसर ने चौकियों पर तैनात जवानों की स्थिति जानने की कोशिश की लेकिन टेलीफोन की लाइनें खराब होने के कारण सम्पर्क स्थापित नहीं किया जा सका।

नायब सूबेदार फकीर चन्द कटोच ने संचार व्यवस्था के महत्व को महसूस किया और एक गश्ती दल बनाया ताकि चौकियों से सम्पर्क स्थापित हो सके। भूकम्प के झटके अभी पड़ रहे थे और ऊपर से शिलाखण्ड गिर रहे थे। लेकिन अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए ये अपने काम में लगे रहे और 20 जनवरी, 1975 की सायं तक पूरे उस क्षेत्र में संचार व्यवस्था कायम करने में सफलता प्राप्त कर ली।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार फकीर चन्द कटोच ने अदम्य साहस, व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. 3961012 नायक राम सिंह,
डोगरा रैजिमेंट।

19 जनवरी, 1975 को भयंकर भूकम्प से हिमाचल प्रदेश में 50 की जनसंख्या वाला कौरिक गांव पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। इस स्थिति को देखकर कम्पनी कमांडर ने वहां के लोगों की चिकित्सा सबंधी सहायता के लिए एक गश्ती दल वहां भेजने का निर्णय किया। नायक रामसिंह दल का नेतृत्व करने के लिए आगे आए। अदम्य साहस और आत्मविश्वास के साथ ये गश्ती दल को उस जोखिम भरे रास्ते से ले गए जो कि अनेक स्थानों पर बुरी तरह से टूट गया था। गश्ती दल गांव पहुंचा जहां तब भी लगातार भूकम्प के झटके आ रहे थे और ऊपर से शिलाखण्ड गिर रहे थे।

वे तुरन्त सहायता कार्य की व्यवस्था में जुट गए और बचे हुए लोगों के लिए रहने की जगह बनाई और घायलों को वहां पहुंचाया। अगले दिन इन्होंने वहां के लोगों के लिए भोजन व्यवस्था और तम्बुओं का इन्तजाम किया।

इस कार्यवाही में नायक रामसिंह ने साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. 2850771 लांस नायक पबुदन सिंह,
2 राज राइफल्स।

17 जनवरी, 1975 को लांस नायक पबुदन सिंह उस टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे जिसे एक विरोधी गिरोह को घेर लेने का काम सौंपा गया था। इसके लिए इनकी टुकड़ी को जिससे एक पगडंडी सम्भाली गई थी जो एक घने जंगल से होकर गुजरती थी और जिसकी बांयी ओर 30 फुट सीधी ढलान थी। उस इलाके में आगे केवल 5 गज तक ही नजर जा सकती थी। दोपहर बाद इनकी टुकड़ी के एक संतरी ने इन्हें कुछ हलचल होने की सूचना दी। इस पर ये उस संतरी के पास गए और उसे वहीं पर मुस्तैदी से सावधान रहने के लिए कह कर स्वयं अकेले संदिग्ध स्थान की ओर बढ़े। ये अभी मुश्किल से कोई 50 गज ही आगे चले होंगे कि अकस्मात इनका 3 विरोधियों से सामना हो गया जिनमें से दो स्वचालित हथियारों से लैस थे। इनके तथा विरोधियों के बीच की दूरी इतनी कम थी कि कोई भी गोली नहीं चला सकता था। विरोधियों ने बच निकलने के लिए तुरन्त दांयी ओर 30 फुट गहरी खड्ड में छलांग लगा दी घने जंगल के कारण भागते हुए विरोधियों पर गोली का लगना सम्भव

नहीं था। लांस नायक पबुदन सिंह ने भी विरोधियों को पकड़ने के प्रयास में उनके पीछे ही छलांग लगा दी। उनका ध्यान बटाने के लिए विरोधियों ने अपने हथियार फैंक दिए। लांस नायक पबुदन सिंह उनका पीछा करते रहे और अन्त में उन्हें पकड़ लिया। ये उन तीनों को अपनी सक्शन चौकी पर ले आए और बाद में एक 7.62 मि० मी० की आई० ए० एस० एल० आर० राइफल तथा .303 की राइफल बरामद की जिन्हें वे छोड़कर भाग गए थे। पकड़े गए विरोधियों में से एक स्वयं कथित अफसर भी मिला जिसने पूछताछ करने पर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में काफी महत्वपूर्ण सूचना दी जिसके आधार पर उन्हें पकड़ने में सहायता मिली।

इस कार्रवाई में लांस नायक पबुदन सिंह ने अदम्य साहस, सूझ-बूझ और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. 9211936 लांस नायक विजय पोलई,
महार रैजिमेंट।

17 जनवरी, 1975 को लांगचांग गांव के नजदीक विरोधियों के एक गिरोह का पता मिला। उनके साथ हुई भयंकर मुठभेड़ में यह देखा गया कि कुछ विरोधी घने झाड़-झगाड़ से ढके एक छोटे से नाले से होकर भाग निकलना चाहते हैं। तुरन्त ही एक तरफ से जूनियर कमीशंड अफसर के अधीन एक दस्ता उनका रास्ता रोकने के लिए भेजा गया। लांस नायक विजय पोलई इस गश्ती टुकड़ी के अग्रिम स्काउट थे। काफी सरगर्मी से पीछा करने के पश्चात् यह टुकड़ी, विरोधियों को अपने कब्जे में लेने में सफल हुई। जब यह टुकड़ी विरोधियों को घेरने में लगी हुई थी तो उधर लांस नायक पोलई ने, जिन्हें कि उस इलाके पर निगरानी रखने का काम दिया गया था, सशस्त्र विरोधियों के एक दल को नाले में भागते हुए देखा। इन्होंने अकेले ही उन पर धावा बोल दिया और नाले में उनका पीछा किया। जिस साहस और दृढ़ता से इन्होंने उनका पीछा किया उससे आशानुकूल परिणाम निकला। विरोधियों ने हथियार डाल दिए और आत्मसमर्पण कर दिया। गश्ती दल के वापस लौटने तक दल ये अकेले ही उन आत्मसर्मपित विरोधियों के ऊपर निगरानी रखते रहे।

इस कार्रवाई में लांस नायक विजय पोलई ने अदम्य साहस, उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ता और पहलशक्ति का परिचय दिया।

6. 13604263 लांस नायक आनन्द राव चव्हाण,
पैरा।

लांस नायक आनन्द राव चव्हाण, भारत-तिब्बत सीमा पर स्थित चौकी में एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। यह चौकी सतलुज नदी के समीप बिल्कुल ढलुवां चट्टानी क्षेत्र में स्थित है। इस सीमांत प्रदेश में 19 जनवरी, 1975 को एक भयंकर भूकम्प आया जहां पर यह चौकी स्थित थी उस ओर की ढलान पर ऊपर से एक भारी चट्टान आ गिरी, जिससे बड़े-बड़े शिलाखण्ड गिरने लगे और उस क्षेत्र में लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। इस मौके पर लांस नायक आनन्द राव चव्हाण ने बड़ी सूझबूझ से काम लिया और ऊपर से गिरते हुए मलबे और पत्थरों की चिंता न करते हुए अपनी चौकी के जवानों को इकट्ठा किया और उन्हें चट्टान के एक सुरक्षित छोर पर ले गए। इन्होंने जब कुछ स्थानीय ग्रामीणों को उस क्षेत्र में काम करते हुए देखा और उनके जीवन को खतरे में देखकर उन्हें तुरन्त अपने पास सुरक्षित स्थान पर बुला लिया। ठीक समय पर इन्होंने यह सब किया क्योंकि इसके तुरन्त बाद ही उस चौकी और पगडंडी पर बड़े-बड़े शिलाखण्ड आ गिरे और वह चौकी लगभग पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गई। उनकी सूझबूझ ने अमूल्य जीवनों की रक्षा की।

उस दिन अपराह्न, रात और दूसरे दिन सुबह तक भूकम्प के बार-बार आए झटकों के बावजूद इन्होंने अपने साथियों का हौसला बुलन्द रखा और तब तक चौकी पर बने रहे जब तक इनके कम्पनी कमांडर ने इन्हें कार्यमुक्त न किया।

लांस नायक आनन्द राव चव्हाण ने आद्योपान्त असाधारण साहस, दृढ़ता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7. 4148073 सिपाही कुंवर सिंह,
कुमाऊं रैजिमेंट।

16 जनवरी, 1975 को कुमाऊं रैजिमेंट की एक कम्पनी ने विरोधियों के एक गिरोह को रोकने के लिए जगह-जगह प्रतिरोध खड़े किए। सिपाही कुंवर सिंह उस टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे जिसे दूसरे दिन सिमुक नाले में विरोधियों को छान मारने का आदेश दिया गया था। उन्होंने गिरोह को ढूंढ लिया और समय गवाएं बिना तुरन्त उस पर गोलियां चला दीं। गिरोह ने भी जवाब में गोलियां चलाईं। एक गोली सिपाही कुंवर सिंह के सीने पर लगी, लेकिन फिर भी इन्होंने, दुश्मन की भारी गोलाबारी के बावजूद उस समय तक गोली चलाना जारी रखा जब तक कि बाकी प्लाटून भी विरोधियों पर न टूट पड़ी। यद्यपि इनके सीने से काफी खून बह रहा था, इन्होंने एक विरोधी को घायल कर डाला और एक अन्य को पकड़ लिया।

इस कार्रवाई में सिपाही कुंवर सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

सं० 36-प्रेस/76—राष्ट्रपति निम्नांकित कार्मिकों को असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा तथा साहस के कार्यों के लिए "वायु सेना मैडल"/"एयर फोर्स मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. स्क्वाड्रन लीडर भारत भूषण कौशल (7023),
उड़ान (पायलट)।

स्क्वाड्रन लीडर भारत भूषण कौशल को जनवरी, 1963 में, भारतीय वायुसेना की उड़ान (पायलट) शाखा

में कमीशन प्रदान किया गया। फरवरी, 1974 से ये एक हैलीकोप्टर यूनिट की कमान कर रहे हैं।

20 जनवरी, 1975 को जब हिमाचल प्रदेश में भूचाल से भारी नुक्सान हुआ तो स्क्वाड्रन लीडर कौशल को बचाव और राहत कार्य के लिए वहां जाने को कहा गया। इन्होंने अपने हैलीकोप्टरों की एक टुकड़ी फौरन पूह में तैनात कर दी। वहां से वे लिओ गए, जहां भूचाल से सबसे ज्यादा क्षति हुई थी और जहां फौरन सहायता की जरूरत थी। हालांकि वहां हैलीकोप्टर उतारने की कोई जगह नहीं थी, फिर भी इन्होंने बड़ी दक्षता से अपने हैलीकोप्टर का चालन किया और उसे सुरक्षित उतार लिया। शीघ्र ही, इन्होंने दूसरे हैलीकोप्टरों के उतरने के लिए भी वहां जगह तैयार कर ली। बेहद खराब मौसम के बावजूद, इनकी टुकड़ी ने डाक्टरों और भारी मात्रा में दवाइयां और राहत का दूसरा सामान वहां पहुंचाया, तथा हताहतों को वहां से निकाला। इसमें, इन्होंने स्वयं भी 52 उड़ानें कीं। इनके प्रयासों से ही, संकट-ग्रस्त लोगों को समय पर सहायता और राहत पहुंचाई जा सकी।

इस प्रकार, स्क्वाड्रन लीडर भारत भूशण कौशल ने उच्चकोटि के साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट अनिल गोविन्दराव बेन्द्रे (10570), उड़ान (पायलट)।

फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट अनिल गोविन्दराव बेन्द्रे को अक्तूबर, 1966 में, भारतीय वायुसेना की उड़ान (पायलट) शाखा में कमीशन प्रदान किया गया। इन्होंने हैलीकोप्टरों में 2620 घंटे की उड़ानें की हैं, जिनमें 1950 घंटों की उड़ानें संक्रियात्मक क्षेत्र की हैं। इनका उड़ान-रिकार्ड हर प्रकार से दुर्घटना-रहित रहा है।

12 जुलाई, 1974 को जांच-पायलट की हैसियत से, पूर्वी क्षेत्र में एक संक्रियात्मक उड़ान के लिए ये एक यूनिट पायलट की स्क्रीनिंग कर रहे थे। इन्होंने एक अग्रिम हैली-पैड से 0910 बजे उड़ान भरी। सुरक्षा सेनाओं के कमाण्डर और तीन अन्य व्यक्ति भी इनके साथ थे। कुछ मिनट उड़ान करने के बाद, उन्हें खराब मौसम के कारण रास्ता बदलना पड़ा। नए मार्ग पर उड़ते हुए अभी कुछ ही मिनट हुए थे कि इनके हैलीकोप्टर को जोर का धक्का लगा, चटखने की आवाज़ आई और इनके सिर के कुल आठ इंच पीछे से एक गोली गुजर गई। यह एहसास होते ही कि हैलीकोप्टर पर मशीनगन से गोलियां चलाई जा रही हैं, वहां से बच निकलने के लिए इन्होंने एक तेज मोड़ काटा। तभी सह-पायलट ने इन्हें बताया कि सुरक्षा सेना के कमाण्डर को किसी छिपकर गोली चलाने वाले की गोली लगी है और जोर से खून बह रहा है। इन एकाएक हुई घटनाओं से फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट बेन्द्रे बिल्कुल नहीं घबराए, अपने आप को शान्त रखा तथा यह मालूम करके कि हैलीकोप्टर अभी उड़ान के काबिल है, उस एकमात्र जगह की ओर उड़ चले जहां हस्पताल की सुविधा उपलब्ध थी। इन्होंने सुरक्षा पूर्वक अपना हैलीकोप्टर जमीन पर उतार लिया, जिससे जख्मी कमाण्डर की तुरन्त ही देखभाल की जा सके।

इस कार्यवाई में, फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट अनिल गोविन्दराव बेन्द्रे ने उच्चकोटि के साहस, व्यावसायिक दक्षता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. फ्लाइट लैफ्टिनेंट हरपाल सिंह अहलुवालिया (9821), उड़ान (पायलट)।

फ्लाइट लैफ्टिनेंट हरपाल सिंह अहलुवालिया को अक्तूबर, 1965, में भारतीय वायुसेना की उड़ान (पायलट) शाखा में कमीशन दिया गया। ये 2250 घंटे की उड़ान भर चुके हैं और इनके उड़ान-रिकार्ड पर कोई धब्बा नहीं है।

22 अक्तूबर, 1974 को इन्हें पूर्वी क्षेत्र में विशेष हैली-कोप्टर-वाहित संक्रिया पर तैनात किया गया था। मौसम बेहद खराब होने के बावजूद, ये बराबर दो दिन तक एक के बाद एक, लगातार, दूर-दराज के हैलीपैडों के लिए उड़ानें भरते रहे। एक बार फिर, जब इनकी यूनिट को दिसम्बर, 1974 और जनवरी, 1975 में हैलीवाहित-संक्रियाओं के लिए बुलाया गया तब भी इन्होंने 260 उड़ानें भरीं, जिसके परिणामस्वरूप यह संक्रिया भी पूरी सफल रही।

इन संक्रियाओं के दौरान, फ्लाइट लैफ्टिनेंट हरपाल सिंह अहलुवालिया ने उच्चकोटि के साहस, व्यावसायिक कुशलता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट बागिया लक्ष्मी कांत रेड्डी (11305), उड़ान (पायलट)।

फ्लाइट लैफ्टिनेंट बागिया लक्ष्मी कांत रेड्डी को दिसम्बर, 1967 में भारतीय वायुसेना की उड़ान (पायलट) शाखा में कमीशन दिया। इन्होंने, भिन्न-भिन्न प्रकार के क्षेत्रों में हैलीकोप्टरों की 2251 उड़ान-घंटों की दुर्घटना-रहित उड़ानें भरी हैं।

22 अक्तूबर, 1974 को इन्हें पूर्वी-क्षेत्र में एक विशेष हैलीवाहित संक्रिया पर तैनात किया गया। इन्होंने इस चुनौती भरे काम को स्वीकार किया और दूर-दराज के हैलीपैडों के लिए उड़ानें भरके, कुल सात दिन की अवधि में उस कार्य को पूरा कर दिखाया। अपने प्राण हथेली पर रखकर, इन्होंने अडिग उत्साह से 122 खतरनाक उड़ानें भरीं।

फ्लाइट लैफ्टिनेंट बागिया लक्ष्मी कांत रेड्डी ने आद्योपांत उच्चकोटि के साहस, व्यावसायिक कुशलता और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

5. फ्लाइट लैफ्टिनेंट सुभाष चन्द्र खरबंदा (10113), उड़ान (पायलट)।

फ्लाइट लैफ्टिनेंट सुभाष चन्द्र खरबंदा को मार्च, 1966 में, भारतीय वायुसेना की उड़ान (पायलट) शाखा में कमीशन दिया गया। ये अप्रैल, 1972 से एक हैलीकोप्टर यूनिट में कार्य कर रहे हैं।

अक्तूबर और दिसम्बर, 1974 में, जब इनकी यूनिट को पूर्वी-क्षेत्र में विशेष हैलीवाहित संक्रिया के लिए बुलाया गया तो इन्हें अग्रिम हैलीपैडों तक बहुत-सी उड़ानों के लिए चुना गया। इन्होंने इस क्षेत्र में 28 सफल उड़ानें भरीं। इन्हें अक्सर अपने प्राण संकट में डालकर भी सुबह से शाम तक उड़ानें भरनी पड़ती थीं। इनकी अनगिनत उड़ानों के फलस्वरूप ये संक्रियाएं पूरी सफलता से संपन्न हुई।

इस प्रकार, फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट सुभाष चन्द्र खरबंदा ने उच्चकोटि के साहस, व्यावसायिक कुशलता और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

6. फ्लाइट लैफ्टिनेंट भरत राज लोहटिया (11419), उड़ान (पायलट)।

फ्लाइट लैफ्टिनेंट भरत राज लोहटिया को दिसम्बर, 1967 में, भारतीय वायुसेना की उड़ान (पायलट) शाखा में कमीशन प्रदान किया गया। सितम्बर, 1972 से, ये एक हैलीकोप्टर यूनिट में काम कर रहे हैं।

अक्तूबर-दिसम्बर, 1974 में, जब इनकी यूनिट को पूर्वी क्षेत्र में हैलीकोप्टर-वाहित विशेष संक्रियाओं के लिए बुलाया गया तो ये इन संक्रियाओं में लगे एक हैलीकोप्टर के कैप्टन थे। स्थिति की गंभीरता और समय की कमी के कारण, हैलीकोप्टरों में सामान्य क्षमता से ज्यादा सामान भरकर ले जाना आवश्यक हो गया था। इसके लिए भारी साहस और उच्चकोटि की उड़ान कुशलता की जरूरत थी, क्योंकि एक तो मौसम बेहद खराब था, दूसरे इलाका खतरनाक था। इन्होंने अपनी जान को खतरे में डालते हुए सुबह से शाम तक 22 सफल उड़ानें भरीं।

फ्लाइट लैफ्टिनेंट भरत राज लोहटिया ने आद्योपान्त उच्चकोटि के साहस, व्यावसायिक दक्षता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कु० बालचन्द्रन, राष्ट्रपति के सचिव

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय
(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 31 मार्च 1976

संकल्प

सं० 11/24/72-इले० इण्ड०—भारत सरकार ने ग्रेफाइट और कार्बन उद्योग की प्रगति और विकास की जांच करने तथा परामर्श देने और इस क्षेत्र के उत्पादकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर विचार करने के लिए ग्रेफाइट और कार्बन उद्योग के लिए एक नामिका गठित करने का निश्चय किया है।

नामिका का गठन निम्न प्रकार होगा :—

अध्यक्ष

1. श्री बी० हिम्मत सिंहका
प्रबन्ध निदेशक,
इण्डिया कार्बन लि०,
6, ओल्ड पोस्ट आफिस, स्ट्रीट,
कलकत्ता।

सदस्य

2. श्री डी० श्रीनिवासन,
प्रबन्ध सचिव,
स्टील फरनेस एसोसिएशन, आफ इण्डिया,
5/डी०, बन्दना, 11, टाल्सटाय मार्ग,
नई दिल्ली।

3. श्री ए० एस० नागिया,
मुख्य विपणन प्रबन्धक,
दी प्रोजेक्ट एण्ड इक्विपमेंट,
कारपोरेशन आफ इंडिया लि०,
चन्द्रलोक, 36 जनपथ,
नई दिल्ली-110001।

4. श्री सी० वेंकटरामन,
सहायक अधीक्षक,
भारत एल्यूमीनियम कम्पनी लि०,
एफ-41, नई दिल्ली साउथ एक्सटेंशन,
भाग-1, रिंग रोड,
पो० बा० सं० 3902,
नई दिल्ली-110049।

5. श्री जी० लोबो,
सचिव,
दी इण्डिया फेरो एलाय प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन,
18, श्री निकेतन, 14-एम० कार्वे रोड,
बम्बई-400020।

6. श्री बी० के० एम० मैनन,
सचिव,
अल्कली मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन आफ इण्डिया,
बंशीलाल मैन्शन,
11, ब्रूसे स्ट्रीट, फोर्ट,
बम्बई।

7. श्री डी० एन० आजाद,
पेट्रो कार्बन्स एण्ड केमिकल्स कम्पनी,
पांचवां तला,
हिन्दू फैमिली बिल्डिंग,
27, आर० एन० मुखर्जी रोड,
कलकत्ता।

8. डा० ए० आर० वर्मा, एफ० एन० ए०,
निदेशक,
राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला,
नई दिल्ली।

9. श्री आर० त्यागराजन,
उत्पादन विभाग,
इण्डियन एल्यूमीनियम कम्पनी लि०,
1, मिडिल टोन स्ट्रीट,
कलकत्ता-700016।

10. डा० एस० के० भट्टाचारजी,
(मेटल एण्ड कार्बन लि०),
यूनियन कार्बाइड इण्डिया लि०,
पो० बा० संख्या 2170,
कलकत्ता-700001 ।

11. श्री एस० कुमारस्वामी,
यूनियन कार्बाइड इण्डिया लि०,
यूनाइटेड कामर्शियल बिल्डिंग,
पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

12. डा० के० वी० स्वामीनाथन,
निदेशक (टी० यू०),
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग,
टैक्नोलोजी भवन, न्यू मेहरोली रोड़,
नई दिल्ली-110029 ।

13. श्री सी० एल० आनन्द,
प्रबन्ध निदेशक,
तोशिबा आनन्द बेटरीज लि०,
महात्मा गांधी रोड़,
पो० बा० नम्बर, 1077 एरणाकुलम,
कोचीन-11 (केरल) ।

14. श्री के० वीराजू,
सचिव,
दी आल इण्डिया ग्रेफाइट क्रूसिबल मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन,
राजामुंदरी-533103,
पूर्वी गोदावरी, जिला आ० प्र० ।

15. औद्योगिक विकास विभाग का एक प्रतिनिधि,
नई दिल्ली ।

16. श्री एच० एन० दोषी,
मुख्य सलाहकार,
एस्ट्रेला बैटरीज लि०,
यूसफ बिल्डिंग, वीर नरीमन रोड,
फोर्ट, बम्बई-400001 ।

17. श्री जी० ए० मैनियर,
मुख्य प्रशासक,
ग्रेफाइट इण्डियन लि०,
31, चौरंगी रोड,
कलकत्ता-700016 ।

18. मै० नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी,
जमशेदपुर का प्रतिनिधि ।

19. मै० भारतीय मानक संस्थान,
मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली-110002 ।

20. पेट्रोलियम एवं रसायन
मंत्रालय (पेट्रोलियम विभाग),
शास्त्री भवन,
नई दिल्ली का प्रतिनिधि ।

21. श्री पी० गोपीनाथन,
उप-निदेशक,
(सी० एण्ड जी०),
विकास आयुक्त,
लघु उद्योग,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली ।

सदस्य-सचिव

22. श्री जे० एस० मथारु,
विकास अधिकारी,
तकनीकी विकास का महानिदेशालय,
नई दिल्ली ।

2. सामिका का कार्यकाल दो वर्षों का होगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी सम्बन्धित लोगों को भेजी जाये तथा आम सूचना के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

ऐ० महादेवन, संयुक्त सचिव

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

नई दिल्ली-110029, दिनांक 5 अप्रैल 1976

सं० एफ० 1(2)/74-एस० आर०-1—राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (कम्पनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कम्पनी) के अन्तर्नियमों के अनुच्छेद 89 के अनुसरण में, राष्ट्रपति, नीचे दर्शाई गई अवधि में, तत्काल ही, निगम के निदेशक मंडल में निम्नलिखित निदेशक नियुक्त करते हैं :—

नाम	जिस तिथि तक नियुक्ति दी गई
श्री एम० सत्यापाल, सलाहकार (उद्योग तथा खनिज), योजना आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली-110001	14-9-1976

एन० पी० सिंह, उप-सचिव

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 7 अप्रैल 1976

संकल्प

विषय :—वन अनुसंधान संस्थान तथा महाविद्यालय, देहरादून के कोर्ट का गठन ।

सं० 12-6/76-एफ० आर० वाई०-1—खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय के नाम में परिवर्तन और इस मंत्रालय के वानकी प्रभाग में संयुक्त सचिव की नियुक्ति हो जाने के फलस्वरूप कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग) के 4 नवम्बर, 1961 के संकल्प संख्या एफ० 12-4/59-एफ०, जिसका समय-समय पर संशोधन हुआ है, द्वारा गठित वन अनुसंधान संस्थान तथा महाविद्यालय, देहरादून के कोर्ट और इसकी कार्यकारी परिषद के गठन में नीचे लिखे परिवर्तन करना आवश्यक हो गया है ।

(1) संकल्प के पैरा 1 की 15–16वीं पंक्तियों में लिखे "खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्री" **शब्दों के स्थान पर** "कृषि तथा सिंचाई मंत्री" **शब्द प्रतिस्थापित किए जाएं ।**

(2) संकल्प के पैरा 2 में "वन अनुसंधान संस्थान तथा महाविद्यालय के कोर्ट का गठन" शीर्षक के अन्तर्गत :—

(i) "खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता" **शब्दों के स्थान पर** "कृषि तथा सिंचाई मंत्री" **शब्द प्रतिस्थापित किए जाएं ।**

(ii) "सचिव, खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता (कृषि विभाग)" **शब्दों के स्थान पर** "सचिव, कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग) " **शब्द प्रतिस्थापित किए जाएं ।**

(ii) "कृषि विभाग में वानिकी के इंचार्ज उप सचिव कोर्ट के सचिव होंगे" **शब्दों के स्थान पर** "कृषि विभाग में वानिकी के इंचार्ज संयुक्त सचिव कोर्ट के सचिव होंगे" **शब्द प्रतिस्थापित किए जाएं ।**

(3) संकल्प के पैरा 2 में "कार्यकारी परिषद का गठन" के अन्तर्गत "कोर्ट का सचिव कार्यकारी परिषद का सचिव होगा" **शब्दों के स्थान पर** "कोर्ट का सचिव कार्यकारी परिषद का सदस्य सचिव होगा" **शब्द प्रतिस्थापित किए जाएं ।**

(4) संकल्प के पैरा 4 के दूसरे वाक्य में लिखे "खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता (कृषि विभाग)" **शब्दों के स्थान पर** "कृषि तथा सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग)" **शब्द प्रतिस्थापित किए जाएं ।**

आदेश

